(d) if so, by when all the vacancies are likely to be filled up?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE AND THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI MOTI LAL VORA): (a) 122 posts.

(b) 89 staff nurses.

(c) According to the procedure followed in the AIIMS, such of the nurses working on ad hoc basis against regular sanctioned post can be regularised only after they have been sponsored by the Employment Exchange and are selected by a Selection Committee constituted by the Institute. There is no proposal to confirm the nurses working on ad hoc basis without following the prescribed procedure.

(d) The Employment Exchange has sponsored the candidates and action to recruit nurses is being taken expeditiously.

दिल्ली हवाई अड्डे पर वायुयानों से उतरने पर यात्रियों द्वारा महसूस की जा रही कठिनाइयां

1691. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर वायुयान के उतरने के पश्चात् यात्रियों के वायुयान से उतरने के लिए दोनों निकासी द्वारों पर सीढ़ियां नहीं लगाई जातीं जिससे यात्रियों को उतरने में विलम्ब होता है तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी यह व्यवस्था ठीक नहीं है ;

(ख) क्या यह सच है कि अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि एक ही सीढ़ी लगाई जाए, यदि हां, तो उस आदेश का ब्यौरा क्या है ; यदि नहीं, तो इस मनमानी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उनके द्वारा इस संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और उन पर क्या कार्यवाही की गई ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागर विमानन मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : (क) और (ख) दिल्ली हवाई अड्डे पर एयरबस विमान से उतरने के लिए सामान्यतः तीन सीढ़ियां लगाई जाती हैं । बहुत कम अवसरों पर दो सीढ़ियां लगाई जाती हैं । बोइंग–737 विमान पर सामान्यतः दो सीढ़ियां लगाई जाती हैं । तथापि, जब उड़ानों की अनिर्धारित संख्या अत्याधिक हो जाती है या कोई बड़ा विघटन हो जाता है, तब एक सीढ़ी उपलब्ध कराई जाती है । सभी जेट विमानों पर दो सीढ़ियों के लागने के लिए अनुदेश जारी किए हुए हैं । इन अनुदेशों को पुनः जारी किया जा रहा है ।

(ग) पिछले छः महीनों के दौरान इंडियन एयरलाइंस में दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं । इन दोनों शिकायतों की जांच की गई है और यथा संभव इनकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपचारी कार्रवाई की गई है ।

बिना चौकीदार वाले रेलवे फाटकों पर दुर्घटनाएं

1692. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में बिना चौकीदार वाले रेलवे फाटकों पर कितनी दुर्घटनायें हुई और प्रत्येक दुर्घटना में जान-माल की कितनी-कितनी हानि हुई ; और

(ख) सरकार ने इन बिना चौकीदार वाले रेलवे फाटकों पर दुर्घटनायें न होने देने के लिए क्या कार्यवाही की है ?